# प्रेस विज्ञप्ति

**मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. एवं डिप्लोमा कोर्स करने का अवसर।**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय परिसर स्थित यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (यू0आई0ई0टी0) में मैटेरियल साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग की स्थापना सन् 2004 में हुयी थी। सन् 2008 में इस विभाग का नाम बदलकर मैटेरियल साइंस एण्ड मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग किया गया। विभाग के एल्यूमिनाई स्टूडेन्ट्स विभिन्न मैटल बनाने वाली/आटोमोबाइल व अन्य कम्पनियों में अच्छे पदों पर कार्यरत् है। कुछ छात्र/छात्राएं तो आई0आई0टी0/एन0आई0टी0 जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्राफेसर पदों पर भी नियुक्त हैं। यहां के छात्र/छात्राएं विभिन्न शोध संस्थानों में वैज्ञानिक पदों पर भी कार्य कर रहें हैं। यह विभाग छात्रों के सपनों को साकार करने में अपना पूर्ण सहयोग दे रहा है।

माननीय कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक जी की प्रेरणा से यह विभाग इस सत्र से डिप्लोमा इन मैटलर्जी का कोर्स आरम्भ कर रहा है। जिसमें हाई स्कूल (गणित विषय के साथ) उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं प्रवेश पा सकते है।

बी.एस.सी. डिग्री (Physics, Chemistry & Math's)/डिप्लोमा (किसी भी ब्रांच में) धारक विद्यार्थी मैटेरियल साइंस एण्ड मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग के बी.टेक. द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश पा सकते है।

इस ब्रंच से बी.टेक/डिप्लोमा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की तुलना में नौकरी के पर्याप्त अवसर होते है, जिससे विद्यार्थी सरलता से नौकरी पा जाते है।

इन कोर्सेज की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विश्वविद्यालय की वेबसाईट **(csjmu.ac.in)** पर प्रवेश के लिये आवेदन कर सकते है। प्रवेश सम्बधित किसी भी जानकारी हेतु विभागाध्यक्ष डा0 विजय कुमार कश्यप, मोबाईल नं0 8765673930 से सम्पर्क कर सकते है।

| **SL** | **Course Name** | **Total No of Seats** | **Fees of the Course** |
|---|---|---|---|
| 1 | Diploma in Metallurgy | 30 | Rs.44,200/- |
| 2 | B.Tech-IInd Year (Material Science & Metallurgical Engineering). | 30 | Rs.84,200/- |